बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांक– वि० प्रा०(।।।) ब–05/2012 /पटना, दिनांक–

प्रेषक,

ओम प्रकाश राय,
अपर सचिव

सेवा में,

अवर सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :– वित्तीय वर्ष 2015–16 में आयोजना भिन्न (गैर योजना) बजट के मुख्यशीर्ष–2203–तकनीकी शिक्षा, उपमुख्यशीर्ष–00, लघुशीर्ष–001–निदेशन और प्रशासन, मांग संख्या–43, उपशीर्ष–0001–तकनीकी शिक्षा निदेशालय (विपत्र कोड– एन 2203000010001) के अधीन अतिरिक्त आवंटन।

महाशय,

निदेशानुसार, कहना है कि वित्तीय वर्ष 2015–16 में पूर्व निर्गत आवंटनादेश संख्या–01(आ), दिनांक 13.5.2015 एवं संख्या–16(आ), दिनांक 06.7.2015 के क्रम में विषयांकित बजटशीर्ष के अधीन 13 01 कार्यालय व्यय विषयशीर्ष में विभागीय पत्रांक–803, दिनांक 16.03.2016 द्वारा पुनर्विनियोग के माध्यम से उपबंधित राशि में से 31 मार्च 2016 तक नियमानुसार व्यय हेतु रू० 1,00,000=00 (एक लाख रूपये) मात्र का अतिरिक्त आवंटन प्रदान किया जाता है।

2. यह आवंटन वित्त विभाग के पत्रांक–2561 दिनांक 17.04.1998 के आलोक में दिया जा रहा है। अतएव उक्त परिपत्रों तथा वित्त विभाग के अन्य सुसंगत परिपत्रों में निहित दिशा–निर्देशों का अनुपालन निकासी एवं व्ययन के पूर्व निश्चित रूप से किया जाय।

3. उक्त आवंटित राशि का दूसरे विषयशीर्षो में अपवर्तन कदापि नहीं किया जाय।

4. उक्त आवंटित राशि की निकासी हेतु विपत्रों के उपस्थापन के कम में कृपया यह सुनिश्चित किया जाय कि विपत्रों पर समुचित आयोजना भिन्न, कोड संख्या सहित शीर्षो का नाम, मॉग संख्या, विपत्र कोड तथा कुट संख्या सहित विषयशीर्षो के नाम का सुस्पष्ट उल्लेख रहे ताकि महालेखाकार, बिहार, पटना के कार्यालय में विपत्रों के पोस्टिंग में सुविधा हो सके।

5. स्वीकृत्यादेश/आवंटनादेश तथा विपत्रों में कोड संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करने के संबंध में वित्त विभाग के पूर्व प्रेषित पत्रांक– 280/वि० दिनांक 29.03.2003 में अंकित दिशा–निर्देशों का आक्षरशः अनुपालन किया जाय।

6. व्यय विवरणी टी.भी. नं. एवं तिथि सहित प्रत्येक माह के 7(सात) तारीख तक महालेखाकार, बिहार, पटना तथा अधोहस्ताक्षरी को निश्चित रुप से उपलब्ध कराया जाय।

7. इसमें प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/ –

(ओम प्रकाश राय)
अपर सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक – वि0 प्रा0(III) ब–05/2012 /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – प्रधान महालेखाकार, बिहार, पटना/महालेखाकार (ले॰ एवं हक॰), बिहार, पटना/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰/ –

अपर सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक – वि0 प्रा0(III) ब–05/2012 /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, निर्माण भवन, बेली रोड पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰/ –

अपर सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक – वि0 प्रा0(III) ब–05/2012 86 (अ०) /पटना, दिनांक– 18-03-2016

प्रतिलिपि –माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/उप निदेशक (यो)/आई॰टी॰ मैनेजर (ई–मेल एवं विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु)/एक अतिरिक्त प्रति गार्ड फाइल में संधारण हेतु (निर्गत शाखा), विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/3/16

अपर सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।